# 11 राजस्थान लोक सेवा आयोग

1. राजस्थान में लोकसेवा आयोग का गठन सर्वप्रथम किस रियासत में किया गया था?
   (1) बीकानेर (2) जोधपुर
   (3) जयपुर (4) अजमेर (2)

   **व्याख्या–** राजस्थान में लोकसेवा आयोग का सर्वप्रथम गठन 1939 में जोधपुर रियासत में किया गया। इसके पश्चात् 1940 जयपुर में व 1946 बीकानेर में भी लोकसेवा आयोग का गठन किया गया था।

2. राजस्थान लोकसेवा आयोग की स्थापना की अधिसूचना जारी कब की गई?
   (1) 17 अगस्त, 1949 (2) 18 अगस्त, 1949
   (3) 20 अगस्त, 1949 (4) 16 अगस्त, 1949 (4)

3. राजस्थान लोक सेवा आयोग की स्थापना कब की गई?
   (1) 17 अगस्त, 1949 (2) 20 अगस्त, 1949
   (3) 22 दिसम्बर, 1949 (4) 15 अगस्त, 1949 (3)

   **व्याख्या–** राजस्थान लोक सेवा आयोग की स्थापना 22 दिसम्बर, 1949 को जयपुर में की गई। (स्रोत:–RPSC Official Website)

4. राजस्थान लोक सेवा आयोग का मुख्यालय जयपुर से अजमेर किस समिति की सिफारिश पर स्थानांतरित किया गया था?
   (1) सत्यनारायण राव समिति (2) फजलअली समिति
   (3) बी.आर. अम्बेडकर समिति (4) शंकर राय देव समिति (1)

5. संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग के गठन का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है?
   (1) अनुच्छेद–316(2) (2) अनुच्छेद–315 (1)
   (3) अनुच्छेद–317(1) (4) अनुच्छेद–319(2) (2)

6. संयुक्त लोक सेवा आयोग का प्रावधान किस अनुच्छेद में है?
   (1) अनुच्छेद–315(2) (2) अनुच्छेद–316(1)
   (3) अनुच्छेद–317(2) (4) अनुच्छेद–319(1) (1)

7. संविधान के किस भाग में राज्य लोक सेवा आयोग का उल्लेख है?
   (1) भाग–10 (2) भाग–13
   (3) भाग–12 (4) भाग–14 (4)

   **व्याख्या–** संविधान के भाग–14, अनुच्छेद–315 से 323 तक राज्य लोक सेवा आयोग का प्रावधान है।

8. राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति कौन करता है?
   (1) राष्ट्रपति (2) राज्यपाल
   (3) मुख्यमंत्री (4) मुख्य न्यायाधीश (2)

   **व्याख्या–** राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री (राज्य मंत्रिपरिषद) की सलाह पर की जाती है।

9. राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों की संख्या का निर्धारण कौन करता है?
   (1) राष्ट्रपति (2) मुख्यमंत्री
   (3) विधानमण्डल (4) राज्यपाल (4)

10. वर्तमान में राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का कार्यकाल होता है?
    (1) 5 वर्ष या 62 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो।
    (2) 6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो।
    (3) 5 वर्ष या 60 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो।
    (4) 6 वर्ष या 60 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो। (2)

    **व्याख्या–** 41वें संविधान संशोधन 1976 द्वारा राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की सेवानिवृत्ति आयु की सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष कर दी।

11. निम्नलिखित में से कौन राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों को पद से हटा सकता है?
    (1) राज्यपाल
    (2) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
    (3) राष्ट्रपति
    (4) विधानमण्डल (3)

    **व्याख्या–** आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों को राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय के द्वारा की गई जाँच के बाद हटा सकता है।

12. राज्य लोक सेवा आयोग के सचिव की नियुक्ति कौन करता है?
    (1) मुख्यमंत्री (2) राज्यपाल
    (3) विधानसभा अध्यक्ष (4) राष्ट्रपति (2)

13. राजस्थान लोक सेवा आयोग के प्रथम सचिव कौन थे?
    (1) बाबुलाल कटारा (2) एस.एस. शर्मा
    (3) एल.एल. जोशी (4) पी.एस. यादव (2)

14. निम्नलिखित में से कौन RPSC के अध्यक्ष नहीं रहे हैं?
    (1) डी.एस. तिवाड़ी (2) एस.सी. त्रिपाठी
    (3) हरजीलाल अटल (4) एल.एल. जोशी (3)

15. निम्न में से राजस्थान लोक सेवा आयोग की वर्तमान में महिला सदस्य है?
    (1) श्रीमती मंजु शर्मा (2) श्रीमती संगीता आर्य
    (3) 1 व 2 दोनों (4) इनमें से कोई नहीं (3)

16. RPSC के अध्यक्ष है?
    (1) श्री जसवंतसिंह राठी
    (2) डॉ. शिवसिंह राठौड़
    (3) श्री कैलाश चन्द्र मीणा (4) डॉ. भुपेन्द्र यादव (3)

    **व्याख्या–** 6–8–2024 से कैलाश चन्द्र मीणा कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कार्यरत है।

17. राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में, किसका कार्यकाल सबसे लम्बा रहा है?
(1) पी.एस. यादव (2) आर.सी. चौधरी
(3) डी.एस. तिवाड़ी (4) मोहम्मद याकुब (3)

**व्याख्या–** राजस्थान लोक सेवा आयोग के तीसरे अध्यक्ष के रूप में डी.एस. तिवाड़ी का कार्यकाल 8 अगस्त, 1951 से 17 जनवरी, 1958 तक रहा है।

18. राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में, किसका कार्यकाल सबसे कम रहा है?
(1) बी.एल. रावत (2) पी.एस. यादव
(3) एन.के. बैरवा (4) सी.आर. चौधरी (1)

**व्याख्या–** RPSC के अध्यक्ष के रूप में बी.एल. रावत का कार्यकाल 01 अगस्त, 1966 से 03 सितम्बर, 1966 तक (34 दिन) रहा। दूसरा सबसे कम कार्यकाल पी.एस. यादव का 01 अक्टूबर, 1997 से 06 नवम्बर, 1997 तक (37 दिन) रहा। (स्रोत :– RPSC Official Website)

19. स्वतंत्रता से पूर्व राजस्थान की किस रियासत में लोक सेवा आयोग नहीं था?
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) कोटा (4) जयपुर (3)

20. राजस्थान लोकसेवा आयोग के सदस्यों की संख्या और सेवाशर्तों का निर्धारण कौन करता है?
(1) राष्ट्रपति (2) मुख्यमंत्री
(3) राज्य विधानसभा (4) राज्यपाल (4)

21. दो या दो से अधिक राज्यों के लिए गठित संयुक्त लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति कौन करता है?
(1) सबसे बड़े राज्य के राज्यपाल द्वारा
(2) भारत के राष्ट्रपति द्वारा
(3) सभी संबंधित राज्यों के राज्यपालों की समिति द्वारा
(4) संबंधित राज्यपालों की सिफारिश पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा (2)

22. राजस्थान लोक सेवा आयोग की निम्नांकित में से कौन सी पूर्व महिला सदस्य संघ लोक सेवा आयोग की सदस्य भी रही हैं?
a.श्रीमती कान्ता कथुरिया b.श्रीमती कमला भील
c.डॉ.(श्रीमती)प्रकाशवती शर्मा d.श्रीमती दिव्या सिंह
सही उत्तर का चयन कीजिये–
(1) केवल a व b (2) केवल a, b व c
(3) केवल a व c (4) उपरोक्त सभी (3)


23. निम्नलिखित में से असत्य कथन का चयन करें–
(1) राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों के वेतन–भत्ते भारत की सिंचित निधि में से दिए जाते हैं।
(2) राजस्थान लोक सेवा आयोग लोकसेवकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु सिफारिश करता है।
(3) 41वें संविधान संशोधन द्वारा राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष कर दी गई है।
(4) राजस्थान लोक सेवा आयोग के सचिव, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी होते हैं तथा आयोग के अराजपत्रित अधिकारियों की नियुक्ति सचिव करता है, अध्यक्ष की सलाह पर। (1)


**व्याख्या–** राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों के वेतन–भत्ते राज्य की सिंचित निधि में से दिए जाते हैं।


24. राजस्थान मानवाधिकार आयोग के कार्यक्षेत्र में सभी प्रकार के वे मानव अधिकार आते हैं जो शामिल (सम्मिलित) हैं?
(a) नागरिक एवं राजनीतिक अधिकार
(b) आर्थिक अधिकार
(c) सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकार
**सही उत्तर का चयन कीजिए–**
(1) केवल a (2) केवल b
(3) केवल a व b (4) a, b व c तीनों (4)

25. निम्लिखित में से किस मामले में राज्य लोक सेवा आयोग से परामर्श नहीं लिया जाता है?
(1) सिविल सेवाओं की नियुक्ति में अनुसरण लिए जाने वाले सिद्धांतों पर।
(2) सिविल सेवकों का स्थानांतरण पर।
(3) सिविल सेवाओं में पदोन्नति एवं एक सेवा से दूसरी सेवा में अंतरण के लिए अनुसरण लिये जाने वाले सिद्धांतों पर।
(4) राज्य सिविल सेवा के लिए भर्ती की पद्धति पर। (2)

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।